**दिनांक : 30.06.2024** **समय : 07.10pm**

## आकाशवाणी, भोपाल
## सांध्यकालीन समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने की अपील की।
- तीन नए आपराधिक कानून कल से होंगे लागू, मुख्यमंत्री ने कहा–गुलामी के प्रतीक पुराने कानूनों में परिवर्तन का कार्य ऐतिहासिक।
- राज्य विधानसभा का मॉनसून सत्र कल से होगा षुरू।
  **और**
- प्रदेश के भोपाल, जबलपुर सहित 17 जिलों में झमाझम बारिश की संभावना।

### मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री ने कहा कि 2024 का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था जिसमें 65 करोड़ लोगों ने मतदान किया। श्री मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष शुरू किए गए विशेष अभियान– 'एक पेड़ माँ के नाम' का उल्लेख किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी मां के साथ या अपनी मां की स्मृति में एक पेड़ लगाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक के दौरान भारत में वन क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। अमृत महोत्सव के दौरान देशभर में 60 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर भी बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर हिंदी में एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। इसे कुवैत रेडियो पर हर रविवार को आधे घंटे के लिए प्रसारित किया जाता है। प्रधानमंत्री ने इस पहल के लिए कुवैत सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद दिया।

### विधानसभा मानसून सत्र–प्रदेश

प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का तृतीय सत्र कल से शुरू हो रहा है, जो 19 जुलाई तक चलेगा। इस 19 दिवसीय मानसून सत्र में 3 जुलाई को राज्य सरकार अपना पहला पूर्ण बजट पेश करेगी। यह वित्त वर्ष 2024–25 का वार्षिक बजट होगा। इस सत्र के लिए विधानसभा सदस्यों ने 4,287 प्रश्न पूछे हैं।

सत्र को लेकर राज्य की डॉ मोहन यादव सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। सभी मंत्रियों से वे विभागीय उपलब्धियों के साथ पिछली कांग्रेस सरकार के प्रदर्शन को आधार बनाकर अपनी बात दमदारी से रखने के लिए कहा गया। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने सरकार को घेरने के लिए नर्सिंग कालेज, चुनाव के समय की घोषणाओं को पूरा न करने, अनुसूचित जाति–जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के साथ हुई अत्याचार की घटनाओं को प्रमुखता से उठाने की तैयारी की है।

### नए आपराधिक कानून

तीन नए आपराधिक कानून– भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम कल से लागू हो रहे हैं। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें कीं हैं और वे इन कानूनों को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण तथा जागरुकता उत्पन्न करने के लिये पूरी तरह से तैयार हैं। इस संबंध में पुलिस और जांच अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। नए आपराधिक कानूनों में जांच, मुकदमे और अदालती कार्यवाही में प्रौद्योगिकी पर जोर दिया गया है। इसके लिए

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो–एन.सी.आर.बी ने मौजूदा अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और प्रणाली–सी.सी.टी.एन.एस. एप्लीकेशन में 23 कार्यात्मक संशोधन किए हैं। नई प्रणाली में निर्बाध परिवर्तन के लिए यह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है।

## नये कानून प्रचार–मुख्यमंत्री प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कहा कि कल से लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के सभी प्रयास किये जाए। मुख्यमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा प्रदेष के सभी कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा सेमिनार और वेबिनार के माध्यम से इन कानूनों की जानकारी प्रदान की जाए। डॉ. यादव ने अभियान चलाकर नये कानूनों के प्रचार–प्रसार करने को भी कहा है।

साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेष में आरटीओ के सभी चैक पोस्ट पर अव्यवस्थाओं को दूर कर एक जुलाई से बेहतर प्रबंधन किये जा रहे हैं। अब षिकायत मिलने पर सरकार द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पौधा रोपण–प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में लगभग साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रयास है कि प्रदेश में 1 जुलाई से लेकर 15 जुलाई के बीच अलग–अलग जिलों में इस अभियान को चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक टीवी संदेश के माध्यम से कहा कि मुझे संतोष है कि कई जिले जैसे इंदौर, 51 लाख पौधे लगाने वाला है। भोपाल ने बीस लाख पौधे लगाने का लक्ष्य लिया है। एक दिन में 6 जुलाई को लगभग 12 लाख पौधे लगाने का भी लक्ष्य तय किया गया है। ऐसे कार्यों से ही पर्यावरण का माहौल बनता है। ऐसे में पौधारोपण कर न केवल हम पर्यावरण को बचाएंगे बल्कि वानिकीकरण में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आम लोगों से इस अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि इस पूरे आयोजन के प्रति सरकार गंभीर है, यह अभियान लगातार चलता रहेगा।

## नये थल सेना अध्यक्ष

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज भारतीय थल सेना के अध्यक्ष की कमान संभाल ली है। उन्होंने जनरल मनोज पांडेय की जगह ली। इसके पहले वे 46वें उपसेना प्रमुख के रूप में सेवा दे रहे थे। नए थलसेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी का मध्य प्रदेश से गहरा नाता है। वे रीवा जिले में जन्मे हैं और यहां के सैनिक स्कूल से ही उन्होंने साल 1973 से 1981 तक पढ़ाई की है। उन्होंने 19 फरवरी को 46वें उप सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभाला, जहां उन्हें उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ के रूप में नियुक्त किया गया था। इस पद पर वे अब तक रहे।

## पार्वती–काली सिंध–चंबल परियोजना–प्रदेश

पार्वती–कालीसिंध–चंबल अंतरराज्यीय नदी लिंक परियोजना के कार्यान्वयन के लिए आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल षर्मा हैं। वहीं इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस परियोजना में दोनों राज्यों के बीच कुछ असहमतियां थी, जिन्हें दूर कर लिया गया है। गौरतलब है कि 35 हजार करोड़ की इस परियोजना से दोनों राज्यों के 4 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। इससे प्रदेष के 3 लाख से ज्यादा किसान लाभांवित होंगे। इससे 10 जिलों उज्जैन, इंदौर, धार, गुना, श्योपुर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, शाजापुर, आगरमालवा में पेयजल और सिंचाई सुविधाएँ

मिलेंगी। वहीं राज्य के 4 जिलों उज्जैन, देवास, शाजापुर और आगरमालवा में ओद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी। योजना से पर्यटन विकास को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

**मौसम—बारिश**

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय हो गया है। प्रदेश के लगभग सभी हिस्सों हिस्सों से बारिष के समाचार हैं। आज भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर समेत 17 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। इसके अलावा इंदौर और उज्जैन में भी आंधी के साथ बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग, भोपाल के वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव हैं। बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। वहीं, ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। इस कारण पूरे प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम बना हुआ है। उत्तर और पूर्वी हिस्सों में इसका असर ज्यादा है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- आज हरसूद षहर को इंदिरा सागर बांध के कारण जलमग्न होने के बीस वर्ष पूर्ण होने पर विस्थापित हुए लोगों ने पुराने हरसूद पहुंचकर पूजा अर्चना की।
- डिंडोरी जिला चिकित्सालय में आज स्वास्थ्य षिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 710 लाभार्थियों का उपचार किया गया।
- भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित षर्मा, विराट कोहली के बाद ऑल राउण्डर रविन्द्र जडेजा ने अंतरराष्ट्रीय टी–20 मैचों से सन्यास लेने की घोषणा की है।
- भारत और दक्षिण अफ्रिका की महिला टीमों के बीच चल रहे एक मात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन आज दक्षिण अफ्रिका ने फॉलोआन खेलते हुए 2 विकेट पर 232 रन बना लिये हैं।

..................................